Page No. 1/8	Subject Code J-275	Seat No.							

H

DATE : 23/06/2026

Time : 11.00 - 2.00

SUBJECT : HISTORY (38)

DURATION : 3 Hours | TOTAL PAGES : 8 | TOTAL MARKS : 80

सूचना : (i) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

(ii) दाहिनी ओर प्रश्नों के अंक दिए गए हैं।

(iii) उत्तर पत्रिका में सभी आकृतियों के लिए सिर्फ पेन का ही उपयोग करें।

(iv) प्रत्येक नए प्रश्न का उत्तर नए पृष्ठ से आरंभ कीजिए।

प्र. १. (अ) दिए गए विकल्पों में से उचित विकल्प चुनकर पूर्ण विधान पुन: लिखिए : (६) **१०**

(i) ——— अफ्रीकी महाद्वीप की परिक्रमा करने वाला प्रथम नाविक था।

(अ) हेन्री द नेविगेटर (ब) मार्को पोलो

(क) बार्थोलोम्यु डायस (ड) कोलंबस

(ii) इंग्लैंड के ——— ने कंपनी को पूर्वीय देशों से व्यापार करने की अनुमति प्रदान की।

(अ) सर जॉर्ज ऑक्ज़ेनडेन (ब) रानी एलिजाबेथ प्रथम

(क) राजकुमारी ब्रगेंज़ा (ड) चार्ल्स द्वितीय

(iii) छत्रपति शिवाजी महाराज और अंग्रेजों के मध्य सर्वप्रथम संबंध ——— घटना के कारण स्थापित हुआ।

(अ) कुडाल स्वारी (campaign) (ब) अफज़ल खान

(क) सिद्दी जोहर (ड) राज्याभिषेक

(iv) हैदराबाद रियासत में मुक्ति (स्वतंत्रता) संग्राम का नेतृत्व ——— ने सक्षमतापूर्वक किया।

(अ) राजा हरिसिंह (ब) स्वामी रामानंद तीर्थ

(क) पंडित महादेव शास्त्री जोशी (ड) केशवराव जेधे

(v) एच.एस. विलियम्स ——— एकता के बारे मे सोचने वाले पहले व्यक्ति थे।

(अ) एशियाई (ब) ऑस्ट्रेलियन

(क) अमेरिकी (ड) अफ्रीकी

(vi) १९४७ के जिनेवा परिषद् में जो संधि हुई उसे ——— संधि के रूप में जाना जाता है।

(अ) सीटो (ब) नाटो

(क) गैट (ड) सार्क

(ब) निम्न समूहों में से 'ब' गुट की गलत जोड़ियों को सुधारकर पुनः लिखिए : (४)

(i)

'अ' गुट		'ब' गुट
(अ) प्रथम बर्मा युद्ध	—	लॉर्ड एमहर्स्ट
(ब) द्वितीय बर्मा युद्ध	—	लॉर्ड डलहौज़ी
(क) तृतीय बर्मा युद्ध	—	लॉर्ड डफरीन
(ड) अमेरिका की स्वतंत्रता की घोषणा	—	जॉर्ज वाशिंग्टन

(ii)

'अ' गुट		'ब' गुट
(अ) फिरंग	—	पुर्तगाली ब्लेड से तैयार की गई भारतीय तलवार
(ब) फिरंगी	—	पुर्तगालियों और कालांतर पश्चात् सारे यूरोपियन
(क) बारदेश	—	गोवा का उत्तरी क्षेत्र
(ड) चौथाई	—	करदाता की कुल आय का $\frac{१}{१०}$ हिस्सा

(iii)

'अ' गुट		'ब' गुट
(अ) बांडुंग	—	बर्लिन परिषद्
(ब) पेरिस	—	१९१९ में अखिल अफ्रीकी एकता परिषद्
(क) लंदन	—	१९०० में अखिल अफ्रीकी एकता परिषद्
(ड) मैंचेस्टर	—	अफ्रीकी एकता परिषद्

(iv)

'अ' गुट		'ब' गुट
(अ) राहीबाई पोपरे	—	कलसुबाई परिसर बीज संवर्धन समिति
(ब) भाऊ काटदरे	—	रायगढ़ निसर्ग मित्र संस्था
(क) प्रेमसागर मेस्त्री	—	सी-स्कैप संस्था
(ड) हमीद दलवाई	—	मुस्लिम सत्यशोधक समाज

प्र. २. (अ) ऐतिहासिक घटना, व्यक्ति, देश, ग्रंथ संबंधी नाम लिखिए : (४) ८

(i) वराहमिहीर द्वारा लिखित ग्रंथ —

(ii) इंग्लैंड के राजा चार्ल्स द्वितीय की भावी पत्नी का नाम —

(iii) प्रथम विश्वयुद्ध में इंग्लैंड, फ्रांस, रूस, इटली एवं अमेरिका राष्ट्रों का गुट —

(iv) राष्ट्रमंडल खेलों का विचार इनके द्वारा पेश किया गया था —

(ब) दिए गए कारणों में से उचित कारण चुनकर विधान पूर्ण कीजिए : (४)

(i) म्यानमार / बर्मा पर अधिकार स्थापित करना अंग्रेजों का उद्देश्य था, क्योंकि —

(अ) अंग्रेजों को उनका साम्राज्य विस्तार करना था।

(ब) म्यानमार के प्राकृतिक एवं साधनसंपत्ति अधिकारिक बाज़ार पर कब्जा उनके लिए अति महत्त्वपूर्ण था।

(क) अंग्रेज़ों को उपनिवेशवाद की प्रतिस्पर्धा में अग्रणी रहना था।

(ड) म्यानमार के शासक राजा थिबा को सबक सिखाना था।

(ii) राजा हरिसिंह ने कश्मीर के सरंक्षण के लिए भारत से सहायता मांगी, कारण —

(अ) कश्मीर को पाकिस्तानी सीमा पर सशस्त्र घुसपैठियों से बचाने के लिए।

(ब) कश्मीर की प्राकृतिक सुंदरता की रक्षा के लिए।

(क) कश्मीर को यूरोपीय घुसपैठियों से बचाने के लिए।

(ड) कश्मीर में यूरोपीय पर्यटकों की रक्षा के लिए।

(iii) द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना हुई, क्योंकि—

(अ) पराजित राष्ट्रों को दबाने के लिए।

(ब) पूरी दुनिया में उपनिवेशवाद फैलाने के लिए।

(क) पूरी दुनिया में शांति बनाए रखने के लिए।

(ड) निरक्षरता उन्मूलन के लिए।

(iv) भारत विश्व व्यापार संगठन का सदस्य बना, क्योंकि —

(अ) भारत दूसरे देशों के साथ प्रतिस्पर्धा करना चाहता था।

(ब) भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था से अलग नहीं रह सकता।

(क) भारत ने उदारीकरण की नीति अपनाई।

(ड) भारत वैश्विक स्तर पर अग्रणी स्थिति में रहना चाहता था।

प्र. ३. (अ) दिए गए मानचित्र का निरीक्षण करके दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (५) **१३**



(i) यह मानचित्र क्या जानकारी देता है?

(ii) स्वतंत्रता संग्राम के वर्तमान महाराष्ट्र में महत्त्वपूर्ण केन्द्रों के नाम लिखिए।

(iii) स्वतंत्रता संग्राम के वर्तमान पाकिस्तान में महत्त्वपूर्ण केन्द्रों के नाम लिखिए।

(iv) भारत के दक्षिणी भाग में स्थित पड़ोसी देश का नाम लिखिए।

(v) अरब सागर में स्थित द्वीप का नाम लिखिए।

(ब) निम्नलिखित अवधारणा चित्रों को पूर्ण कीजिए (कोई चार) : (८)

(i) अवधारणा चित्र पूर्ण कीजिए :



(ii) अवधारणा चित्र पूर्ण कीजिए :



(iii) अवधारणा चित्र पूर्ण कीजिए :



(iv) अवधारणा चित्र पूर्ण कीजिए :



(v) अवधारणा चित्र पूर्ण कीजिए :



(vi) अवधारणा चित्र पूर्ण कीजिए :



प्र. ४. (अ) संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए (कोई तीन) : (६) **१५**

(i) कार्ताझ

(ii) वायकोम सत्याग्रह

(iii) अनुशीलन समिति

(iv) शीतयुद्ध

(v) आयुष (AYUSH)

(ब) निम्नलिखित विधान कारण सहित स्पष्ट कीजिए (कोई तीन) : (९)

(i) अमेरिकी स्वतंत्रता संग्राम के दौरान 'बोस्टन टी पार्टी' घटना घटी।

(ii) अंग्रेज व फ्रेंच के मध्य कर्नाटक युद्ध हुए।

(iii) द्वितीय विश्वयुद्ध घटित हुआ।

(iv) १९४८ में अंग्रेज़ों ने म्यानमार को स्वतंत्रता प्रदान की।

(v) 'स्पीड पोस्ट' सेवा बहुत विश्वसनीय और तेज़ हुई है।

प्र. ५. अपना मत स्पष्ट कीजिए (कोई तीन) : ९

(i) यूरोप में सत्रहवीं शताब्दी में प्रकृतिवादी वैज्ञानिकों द्वारा ही अनुभव सिद्ध वैज्ञानिक ज्ञान की नींव रखी गई।

(ii) पुर्तगालियों ने भारत में उपनिवेश स्थापित किए।

(iii) महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ द्वारा अपनाई गई नीतियों को प्रगतिशील माना जाता है।

(iv) अफ्रीकी महाद्वीप में नि:उपनिवेशीकरण प्रक्रिया शुरू हुई।

(v) पर्यटन उद्योग एक सतत् विकासशील क्षेत्र है।

प्र. ६. निम्नलिखित प्रश्नों के विस्तृत उत्तर लिखिए (कोई दो) : १०

(i) उपनिवेशवाद के उदय के कारणों के विषय में विस्तार से स्पष्ट कीजिए।

(ii) गोवा मुक्ति संग्राम के विषय में विस्तार से लिखिए।

(iii) सार्क संगठन के विषय में जानकारी लिखिए।

प्र. ७. निम्नलिखित प्रश्नों के दिए गए मुद्दों के आधार पर विस्तारपूर्वक उत्तर लिखिए (कोई तीन) : १५

(i) भौगोलिक खोज और खोजकर्ताओं के विषय में जानकारी लिखिए :

(अ) इब्न बतूता

(ब) कैप्टन जेम्स कुक

(क) बार्थोलोम्यु डायस

(ii) पुर्तगालियों और मराठाओं के बीच संबंध की व्याख्या कीजिए :

(अ) छत्रपति शिवाजी महाराज

(ब) छत्रपति संभाजी महाराज

(क) छत्रपति शाहू महाराज

(iii) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विषय में लिखिए :

(अ) पृष्ठभूमि

(ब) नींव

(क) नरम एवं उग्र (गरम) विचारधारा

(iv) विश्वयुद्ध के भारत पर पड़े प्रभाव के विषय में जानकारी लिखिए :

(अ) प्रथम विश्वयुद्ध

(ब) द्वितीय विश्वयुद्ध

(v) भारत की रक्षा विषयक नीतियों के विषय में लिखिए :

(अ) कारगिल युद्ध

(ब) मेक इन इंडिया

(क) नौकरियों के अवसर

◆◆◆